RAMANUJAN COLLEGE LIBRARY

April 2026

NEWSPAPER CLIPPINGS

अमर उजाला

13th April 2026

डीयू में देरी से आने पर कटेगा अवकाश

बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य, साढ़े नौ के बाद आने पर आधे या पूरे दिन की छुट्टी कटेगी

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने कर्मचारियों की उपस्थिति और समयपालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय से देरी होने पर कर्मचारियों के अवकाश खाते से आधे दिन या एक दिन की छुट्टी काटी जाएगी। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

नए निर्देशों के तहत सभी कर्मचारियों के लिए आधार आधारित. बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। कार्यालय समय सुबह नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक तय किया गया है, जिसमें दोपहर एक से डेढ़ बजे तक 30 मिनट का लंच ब्रेक शामिल रहेगा। अधिसूचना के अनुसार, यदि कोई कर्मचारी सुबह 9:10 बजे के बाद और 9:30 बजे तक कार्यालय पहुंचता है, तो उसे उसी दिन अतिरिक्त समय देकर कुल 8 घंटे 30 मिनट की ड्यूटी पूरी करनी होगी। वहीं, सुबह 9:30 बजे के बाद उपस्थिति दर्ज कराने पर संबंधित कर्मचारी के अवकाश खाते से आधा दिन या एक दिन की छुट्टी काट ली जाएगी। प्रशासन ने सभी डीन, विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इन नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय ने साफ किया है कि समयपालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डीयू अकादमिक काउंसिल बैठक के प्रस्तावित एजेंडे को लेकर विरोध

26 कॉलेज सेंटरों में से 7 पर दाखिले बंद हो चुके हैं। जिन सेंटरों पर दाखिले का विकल्प छात्राओं को मिल रहा है। वहां अलग-अलग सेंटर के हिसाब से 40-45 फीसदी पर दाखिला हो जाएगा। माता सुंदरी व केशव महाविद्यालय में पचास फीसदी कट है। हंसराज कॉलेज में ओबीसी श्रेणी की कट ऑफ 70, एसटी की 65, ईडब्लयूएस की 70, और पीडब्लयूडी की 65 फीसदी तय की गई है। इसी तरह से मिरांडा हाउस कॉलेज में ओबीसी, एससी, एसटी, ईडब्लयूएस व पीडब्लयूडी की 65 फीसदी कट ऑफ रही है।

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रस्तावित अकादमिक काउंसिल की बैठक में स्वयं / मूक कोर्सेज को एजेंडे में शामिल किए जाने को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इसके खिलाफ एकेडमिक्स फॉर एक्शन एंड डेवलपमेंट दिल्ली टीचर्स एसोसिएशन (एएडीटीए) ने मोर्चा खोल दिया है। एएडीटीए के अनुसार इससे पहले भी संगठन ने स्वयं / मूक को लागू करने के प्रयासों का सैद्धांतिक और मजबूत विरोध किया था। 15 अप्रैल को होने वाली अकादमिक काउंसिल की सप्लीमेंट्री एजेंडा-2 के जरिए उसी एजेंडा को चुपचाप फिर से पेश किया जा रहा है। इससे पता चलता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षकों के बीच प्रतिरोध का स्तर पता लगाने के लिए लगातार स्थिति का जायजा ले रहा है। स्वयं/मूक के माध्यम से पांच फीसदी क्रेडिट की अनुमति देने का प्रस्ताव मामूली नहीं है। यह शिक्षण के डिजिटल प्रतिस्थापन को सामान्य बनाने का एक जानबूझकर उठाया गया कदम है। संगठन सभी शिक्षकों, विभागों और शैक्षणिक निकायों से इस घटनाक्रम पर तुरंत सभी निर्णय लेने वाले मंचों पर कड़ा ध्यान देने, चर्चा शुरू करने और विरोध दर्ज करता है ।

हिन्दुस्तान
13th April 2026

छात्रों को मेट्रो पास दिलाने के प्रयास करेंगे: मुख्यमंत्री

| भरोसा

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली सरकार छात्रों को जल्द ही मेट्रो के रियायती पास उपलब्ध करवाएगी। यह आश्वासन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को डीयू में एबीवीपी की ओर से आयोजित छात्रा सम्मान समारोह 'स्वयंसिद्धा' के अवसर पर दिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वयंसिद्धा कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे अपने कॉलेज के दिन याद आ रहे हैं। इस अवसर पर खेल, अकादमिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 500 छात्राओं को सीएम ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

एबीवीपी की अखिल भारतीय छात्रा प्रमुख मन्नू कटारिया ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का एक प्रयास है छात्राओं के अंदर स्व के भाव जगाने का एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का। यह कार्यक्रम भी उसी कड़ी का एक अंश है। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि वर्ष 2014 से शुरू हुई स्वयंसिद्धा की यह यात्रा एक स विचार-एक संकल्प है, जो हमें बताती स है कि छात्राएं किसी से कम नहीं, वो जो क चाहें वो कर सकती हैं। डूसू की सचिव उ मित्रविंदा कर्णवाल ने यू स्पेशल बसों पां को शुरू करने के लिए आभार जताया।